उत्तर प्रदेश पुलिस

"सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा"

प्रेस नोटः साइबर हेल्प डेस्क
कोतवाली गौरीगंज
जनपद अमेठी

दिनांक-04.12.2024

Cyber Fraud Help Line No. 1930

साइबर(Cyber) हेल्प डेस्क कोतवाली द्वारा माह दिसम्बर (प्रथम साप्ताह) में साइबर ठगी कर काटे गये 1,30,000/- रु0 को कराया गया वापस।

साइबर क्राइम हेल्प डेस्क कोतवाली गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा आवेदकगण से ठगी कर काटे गये 1,30,000/- रु0 को तत्काल प्रभाव से कार्यवाही कर वापस कराये गए।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

आवेदकगण क्रमशः (1) श्री अवधेश कुमार सिंह पुत्र देवनाथ सिंह निवासी ग्राम मऊ थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा शिकायत की गयी थी कि Online विकास ट्रेडस पर 1,00,000 रू0 भेज रहे थे रु0 Online भेजते समय कही दूसरे के बैंक खाते में चला गया बताये कि जिसके खाते में रुपये गये हैं उसका मोबाइल स्वीच आफ है, पीडित द्वारा साइबर हेल्प लाइन एवं वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करायी थी उक्त शिकायत के निस्तारण के क्रम में सम्बन्धित बैंक से सम्पर्क कर पीडित का एक लाख रूपये उसके बैंक खाते में वापस कराये गये। इसी क्रम में (2) पीडित/शिकायतकर्ता मुबारक पुत्र मो0 हासिम वर्तमान पता नाईपुरा गजरौला थाना गजरौला जनपद अमरोहा स्थायी पता-बरनाटीकर पूरे जयसिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कि मेरे साथ साइबर फ्राड के माध्यम से गुमराह करके अज्ञात द्वारा Online 30,000 रू0 स्थानान्तरण करा लिये बाद में पता कि साइबर फ्राड हुआ जिसके खाते में पैसा गया है उनके द्वारा वापस नहीं किया जा रहा है उक्त शिकायत के क्रम में सम्बन्धित खाताधारक/बैंक से सम्पर्क कर पीडित के 30,000 रूपये पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया।

विवरण पुलिस टीम-

- प्रभारी निरीक्षक श्याम नरायण पाण्डेय थाना गौरीगंज जनपद अमेठी
- उ0नि0 धीरज कुमार त्रिपाठी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी
- कम्प्यूटर आपरेटर आशीष कुमार श्रीवास्तव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी
- मुख्य आरक्षी नेबूलाल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी
- महिला आरक्षी रबिता यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी

नोटः साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 एवं www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करें।